हरिभूमि
झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

11 जिप सीईओ ने मातनहेल अनाज मंडी का किया दौरा



12 सुहागिनों के त्योहार को लेकर सज गया बाजार



खबर संक्षेप

30 को भिवानी में सम्मानित होंगे पदक विजेता खिलाड़ी

बहादुरगढ़। एशियन और पैरा एशियन खेलों में पदक हासिल करने वाले खिलाड़ियों को 30 अक्टूबर को भिवानी में सम्मानित किया जाएगा। भीम स्टेडियम में होने वाले भव्य सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। सांसद धर्मबीर सिंह समारोह की अध्यक्षता करेंगे। समारोह में विजेता खिलाड़ियों को करीब 185 करोड़ रुपये की नकद पुरस्कार राशि वितरित की जाएगी। हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष एवं हरियाणा स्विमिंग एसोसिएशन के महासचिव अनिल खत्री ने बताया कि समारोह में हरियाणा और पंजाब की टीमों के बीच सर्कल कबड्डी का मुकाबला भी होगा। प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल करने वाली टीमों के खिलाड़ियों को 22 इलेक्ट्रिक स्कूटी पुरस्कार स्वरूप दी जाएंगी। इसके अलावा कुश्ती प्रतियोगिता में विजेता पहलवानों को बाइक इनाम में दी जाएगी।

पेस की विज्ञान प्रदर्शनी व मेहंदी कैंप आज

झज्जर। पेस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की ओर से बुधवार को दीपचंद पब्लिक स्कूल गुढ़ा में विज्ञान प्रदर्शनी और निशुल्क मेहंदी कैंप का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा तैयार 250 से अधिक वर्किंग मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे, जबकि करवाचौथ के उपलक्ष्य में निःशुल्क मेहंदी शिविर का आयोजन किया जाएगा। निदेशक जय विकास नांदल ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है।

आईटीआई गुढ़ा में रोजगार मेला 30 को

झज्जर। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा और रोजगार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आगामी तीस अक्टूबर को जिला स्तरीय मेगा जॉब फेयर का आयोजन आईटीआई झज्जर एट गुढ़ा में करवाया जा रहा है। जिला नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झज्जर एट गुढ़ा संदीप अहलावत ने बताया कि रोजगार मेले में प्रतिष्ठित निजी कंपनियां जैसे कि हीरो मोटर्स, डेन्सो प्राइवेट लिमिटेड, होंडा टू व्हीलर्स, जेबीएम, एचएनजी ग्लास इत्यादि पचास से अधिक कंपनियां भागीदारी करेंगी।

पत्नी की मौत से दुखी होकर निगला जहर

झज्जर। गांव बिरधाना में मानसिक रूप से परेशान एक अधेड़ व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ निगलकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान करीब 54 वर्षीय राजपाल पुत्र सतबीर सिंह के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि राजपाल गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में नौकरी करता था, करीब डेढ़ साल पहले उसकी पत्नी का देहांत हो गया था जिसके बाद मानसिक रूप से परेशान रहता था। मंगलवार की सुबह वह मोटरसाइकिल लेकर खेतों की तरफ गया और उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।

बाइपास पर मृत मिला ऑटो चालक

बहादुरगढ़। बाइपास पर पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे एक ऑटो चालक मृत अवस्था में मिला है। तबीयत बिगड़ने से मौत की बात सामने आई है। हार्ट अटैक की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान करीब 46 वर्षीय देवेंद्र के रूप में हुई है। वह नयागांव का रहने वाला था और ऑटो चलाता था। सूचना पर सेक्टर 9 चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

झज्जर से दो दर्जन से अधिक गाड़ियों में दीये भरकर राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, गुजरात, एमपी व महाराष्ट्र कर चुके रवाना

मुंबई सहित कई महानगरों की दिवाली रोशन करेंगे झज्जर के दीये

करवाचौथ के लिए फैंसी डिजाइन के बनाए करीब चार लाख दीये, 80 परिवारों की रोजी रोटी का साधन है यह कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर



झज्जर। गुल्लक व दीयों को पेंट करने में हाथ बंटाते हुए महिलाएं।



झज्जर। तैयार किए गए आकर्षक दीये दिखाते हुए कारीगर जितेंद्र।

ऐतिहासिक नगरी झज्जर में मिट्टी कला व्यवसाय से जुड़े शहर के कारीगर आजकल दीपावली की तैयारियों में व्यस्त हैं। साफ मौसम व पर्याप्त ऑर्डर के चलते माटी के कारीगरों के चेहरों पर रौनक है। उनका कहना है कि अबकी बार मौसम उनके अनुकूल है और लोगों में दीपावली मनाने का उत्साह है। वे अभी तक करीब दो दर्जन से अधिक गाड़ियों के ऑर्डर पूरा कर तैयार माल को राजस्थान, दिल्ली, गुजरात, मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र के मुंबई भेज चुके हैं। कृष्ण मिट्टी कला उद्योग के संचालक विनोद कुमार व जितेंद्र कुमार उर्फ जैकी ने बताया कि वे मिट्टी से तैयार दीयों को थोक रेट में हरियाणा प्रदेश के अलावा विभिन्न राज्यों में भेजते हैं। खासकर फिल्मी सितारों की नगरी मुंबई में यहां के बने दीयों की डिमांड रहती है। अबकी बार जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर दीयों की डिमांड रही, वहीं दीपावली पर भरपूर ऑर्डर मिले हैं। अब वे केवल हरियाणा प्रदेश, दिल्ली व लोकल मार्केट के ऑर्डर पूरा करने में जुटे हैं।

कारीगरों ने बताया कि इस सीजन को भुनाने के लिए महिलाएं जहां गृहकार्य के बाद दीयों, गुल्लक, धूपदान सहित अन्य कलाकृतियों की सजावट में हाथ बंटाती हैं, वहीं बच्चे भी स्कूल से आने के बाद अपने अभिभावकों द्वारा तैयार किए जा रहे दीयों की पेंटिंग व पैकिंग करने में जुट जाते हैं। वे आस-पास के क्षेत्रीय उत्पादकों से दीये एकत्रित करके गाड़ी भरकर भेजते हैं। इस व्यवसाय से लगभग 80 परिवारों की रोजी-रोटी चलती है। चाक पर बनाए गए दीयों की डिमांड अधिक रहती है।

हरियाणा की माटी दीयों के लिए मजबूत इसलिए मिलते हैं भरपूर ऑर्डर : जितेंद्र

अपने पुश्तैनी कार्य में लगे जितेंद्र कुमार ने बताया कि हरियाणा की माटी अन्य राज्यों के मुकाबले मजबूत होने के कारण यहां के दीयों व मिट्टी से बने उत्पादों की मांग अधिक रहती है। उनके पास हरियाणा के अलावा गुजरात में सूरत, नवसारी, वापी, मध्यप्रदेश में इंदौर व नीमच, महाराष्ट्र में मुंबई, पुणे, नासिक, औरंगाबाद, राजस्थान में जयपुर, कोटा, किशनगढ़, अजमेर, नागौर, चित्तौड़गढ़, पंजाब में अमृतसर, लुधियाना, पठानकोट व पटियाला आदि से ऑर्डर आते हैं। पंजाब में जहां छोटी गाड़ियों की सप्लाई बारह महीनों चलती रहती है वहीं अन्य राज्यों में दीपावली के समय ही ऑर्डर की भरमार होती है। एक गाड़ी में करीब चार से साढ़े चार लाख दीये आ जाते हैं। इसके अलावा करवा चौथ पर्व पर उपयोग में लाए जाने वाले करवे तथा अन्य फैंसी डिजाइन वाले उत्पादों के ऑर्डर आने पर दीयों की संख्या साढ़े तीन लाख से चार लाख तक रहती है।

लोगों को पसंद आ रहा फ्लावर पोर्ट

मिट्टी के दीयों, सुराही, मटकों के अलावा उनके द्वारा तैयार किए जा रहे आकर्षक फ्लावर पोर्ट भी लोगों को पसंद आ रहे हैं। आकर्षक डिजाइन वाला एक फ्लावर पोर्ट तीन से चार दिन में तैयार हो पाता है। उन्होंने बताया कि हस्तकला के इस कार्य को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा भी सहायता दी जा रही है।

सोलधा में पटाखा फैक्ट्री पर छापे के बाद माल की गणना पूरी

अवैध फैक्ट्री और गोदाम से 2 करोड़ के पटाखे व माल बरामद, 5 गिरफ्तार

874

पेटियों में रखे 1.73 लाख पायरो अनार बम बरामद किए, रसायनों से भरे ड्रम, पटाखा बनाने की 3 मशीनें, कच्चा माल और पैकिंग सामग्री भी मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। पुलिस की गिरफ्त में पांच आरोपी।

गांव सोलधा में अवैध रूप से चलाई जा रही पटाखा फैक्ट्री और गोदाम से करीब 2 करोड़ का माल बरामद हुआ है। यह पटाखे दीपावली से पहले मार्केट में सप्लाई होने थे। इस मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हालांकि फैक्ट्री व गोदाम मालिक की पहचान की पुष्टि अभी नहीं की गई है। पुलिस द्वारा जल्द ही मालिक व अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कही जा रही है।

दरअसल, सोमवार की रात को यह छापा मार कार्रवाई हुई थी। सीआईए-2 बहादुरगढ़ और थाना सदर की संयुक्त टीम ने गांव सोलधा में 2 ठिकानों पर छापा मारकर 874 पेटियों में रखे 1.73 लाख पायरो अनार बम बरामद किए थे। इसके अलावा रसायनों से भरे ड्रम, पटाखा बनाने की तीन मशीनें, कच्चा माल और पैकिंग सामग्री भी मिली थी। बरामद सामान की अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ रुपये बताई गई है। मामले में श्यामजी गुप्ता, प्रियांशु उर्फ लाला, शिवम यादव, अंकित कुमार यादव और राहुल को गिरफ्तार किया था। अभी पुलिस इस बड़े नेटवर्क की अन्य कड़ियां भी खंगाल रही है।

फैक्ट्री मालिकों पर कार्रवाई बाकी

जांच अधिकारी पवनवीर ने मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अब जांच का फोकस पटाखा निर्माण और भंडारण के पीछे जुड़े लोगों की पहचान करने पर है। सीआईए प्रभारी नरेश कुमार ने कहा कि मामले में जांच जारी है। फैक्ट्री-गोदाम के मालिक सहित अन्य को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

एक दिन में एक्यूआई में 35 अंकों की बढ़ोतरी दर्ज की गई

हवा थमने के साथ ही बहादुरगढ़ में फैला वायु प्रदूषण, 197 पर पहुंचा एक्यूआई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर में वायु प्रदूषण का स्तर एक बार फिर बढ़ने लगा है। मंगलवार को बहादुरगढ़ का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 162 से बढ़कर 197 तक पहुंच गया। एक दिन में एक्यूआई में 35 अंकों की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इससे शहर की हवा की गुणवत्ता को लेकर चिंता बढ़ गई है। प्रदूषण के बढ़ते स्तर के बीच बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से जूझ रहे लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

वायु गुणवत्ता के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को बहादुरगढ़ का एक्यूआई 162 दर्ज किया गया था। मंगलवार को यह बढ़कर 197 हो गया। यह स्तर मध्यम श्रेणी की ऊपरी सीमा के करीब है। अक्टूबर के दौरान मौसम में ठंडक बढ़ने के साथ क्षेत्र में वायु गुणवत्ता में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। इससे पहले भी बहादुरगढ़ में एक्यूआई 200 के पार दर्ज किया गया था। विशेषज्ञों के अनुसार, हवा की गति कम होने पर प्रदूषक कण वातावरण में जमा रह सकते हैं, जबकि हवा की गति बढ़ने से इनके फैलाव में मदद मिल सकती है। शहर में वाहनों से निकलने वाला धुआं, सड़कों पर उड़ती धूल, निर्माण कार्यों से उठने वाले महीन कण और औद्योगिक गतिविधियां प्रदूषण के कारण एक्यूआई में इजाफा हो रहा है। प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए लोगों को कुछ जरूरी सावधानियां बरतनी चाहिए। सुबह और शाम के समय प्रदूषण अधिक महसूस होने या स्थानीय वायु गुणवत्ता खराब रहने पर खुले में लंबे समय तक व्यायाम करने से बचें। बच्चों और बुजुर्गों की बाहरी गतिविधियों पर ध्यान दें। सांस लेने में परेशानी या सीने में जकड़न होने पर चिकित्सकीय सलाह लें।

रोड डस्ट, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, निर्माण स्थलों पर नियमों की अनदेखी करने वालों पर होगी कार्रवाई



झज्जर। वायु प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए डीसी वर्षा खांगवाल ने सभी संबंधित विभागों को गंभीरता से कार्य करने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और सभी विभाग अपने-अपने क्षेत्र में नियमित निगरानी करते हुए ठोस कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देश दिए कि रोड डस्ट वाले क्षेत्रों की पहचान कर नियमित आवश्यकतानुसार पानी का छिड़काव तथा धूल नियंत्रण के अन्य उपाय सुनिश्चित किए जाएं। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान किए जाएं और कचरे के अनुचित निस्तारण पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों के दौरान धूल उड़ने से रोकने के लिए निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाए।

गांव खेड़का गुर्जर में नाली बंद करने के विवाद में महिला पर चाकू से हमला

- सुलह होने के बावजूद गली में दो युवकों समेत महिला ने किया हमला, पुलिस में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव खेड़का गुर्जर में नाली को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। झगड़े के दौरान एक महिला के हाथ में चाकू लगने की बात सामने आई है। महिला ने शिकायत दे दी है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता प्रीति का कहना है कि पड़ोस में एक महिला ईंट लगाकर नाली बंद कर देती है। इस वजह से पानी नहीं निकल पाता। कई बार हमारा झगड़ा हो चुका है। हाल ही में आरोपी महिला ने फिर से नाली रोकी तो हमारी कहासुनी हो गई। फिर पड़ोसियों ने सुलह करा दी। कुछ समय बाद जब मैं वहां से गुजरने लगी तो उसने मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान दो लड़के आए और उन्होंने भी हमला किया। एक युवक के हाथ में चाकू था, वह मेरी कलाई में लगा। शोर सुनकर मेरे परिवार के सदस्य आए और बीच बचाव कराया। फिर आरोपी धमकी देकर भाग गए। वहीं, बादली थाना पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। आरोपों की सत्यता जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगी।

बीसीसीआई चुनाव के लिए 34 ने किया नामांकन

- आज नामांकन पत्रों की जांच होगी, 30 अक्टूबर तक वापस लिए जा सकेंगे नाम, 17 नवंबर को मतदान व मतगणना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (बीसीसीआई) की कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर औद्योगिक क्षेत्र में गतिविधियां तेज हो गई हैं। कार्यकारिणी सदस्य पद के चुनाव के लिए 34 उद्यमियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन 30 अक्टूबर को वापस लिए जा सकेंगे, जबकि 2 नवंबर को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। मंगलवार 17 नवंबर को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। मतगणना मतदान समाप्त होने के बाद उसी दिन की जाएगी।

नामांकन दाखिल करने वालों में अखिल मित्तल, विकास आनंद सोनी, रविंद्र कुमार, संजय नारंग, नरेंद्र छिकारा, नवीन कुमार, पवन कुमार जैन, सुभाष जग्गा, जेके अग्रवाल, अजय खट्टर, अर्पण गुप्ता, मनोज कुमार सिंघल, राजेश अग्रवाल, सत्य नारायण दीक्षित, विजय गुप्ता, केशव जैमिनी, कमल कांत वर्मा, सुमित आनंद, विनोद कुमार जैन, राजेश गर्ग, केदार सिंह भदौरिया, विपिन बजाज, नरेश बंसल, कमल किरण सेठ, रविंद्र गोयल उचानिया, अनिल सरीन, गौरव महाजन, हरि शंकर बाहेती, नितिन जैन, महेश कुमार, गजेंद्र सिंह, रवि चमरिया और विरेंद्र कुमार सहित कुल 34 उम्मीदवार शामिल हैं। बीसीसीआई के चुनाव अधिकारी राधेश्याम शर्मा के अनुसार गवर्निंग बॉडी के चुनाव के लिए 18 नवंबर को निर्वाचित कार्यकारी सदस्यों की सूची जारी होगी। बैठक और नामांकन प्रक्रिया 19 नवंबर को पूरी की जाएगी। शुक्रवार 20 नवंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान होगा और उसी दिन मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे।

खेल दंगलों में छाए सोनू अखाड़े के पहलवान, जीते 11 मेडल

रजत ने जीता भारत व हरियाणा केसरी खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। एसीपी रमेश गुलिया व कोचों के साथ विजेता पहलवान।

बीते दिनों हरियाणा में हुए दंगलों में हिंद केसरी सोनू अखाड़े के पहलवान छाए रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए अखाड़े के पहलवानों ने 6 गोल्ड सहित 11 मेडल जीते। अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय पहलवान रजत रुहल और अर्जुन रुहल ने मिट्टी व मैट के हरियाण केसरी टाइटल पर कब्जा जमाया। इतना ही नहीं, रजत ने बादशाहपुर में भारत केसरी का खिताब भी अपने नाम किया। विजेता पहलवानों का अखाड़े में जोरदार अभिनंदन किया गया।

दरअसल, हरियाणा सरकार की ओर से पलवल में 22 से 24 अक्टूबर तक हरियाणा केसरी दंगल का आयोजन किया गया। हिंद केसरी सोनू अखाड़े के पहलवानों ने भी जोर आजमाइश की। हेवीवेट पहलवान रजत रुहल ने मिट्टी के दंगल में दमखम दिखाते हुए गोल्ड पर कब्जा जमाया तो, वहीं मैट पर हुई कुश्ती में अर्जुन रुहल ने खिताब जीता। दोनों को डेढ़-डेढ़ लाख का इनाम दिया गया। अहम बात ये कि दोनों पहलवान गांव रोहद से है। पहली बार ऐसा देखने को मिला जब एक ही गांव व एक ही अखाड़े के दो पहलवानों ने एक ही दंगल में डबल खिताब जीते। रजत ने तो अगले ही दिन रविवार को भी बादशाहपुर में हुए दंगल में भारत केसरी का खिताब जीतकर 1 लाख 21 हजार का इनाम पाया।

वहीं, विश्व चैंपियन हरदीप छिल्लर ने ग्रीको रोमन शैली में हुए दंगल में दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए 1 लाख का इनाम जीता। हरियाणा केसरी दंगल में निशांत दलाल ने 61 किलोग्राम फ्री स्टाइल, साहिल दलाल ने 92 किलोग्राम तथा कपिल दलाल ने 63 किलोग्राम ग्रीको रोमन में गोल्ड मेडल जीते। अनुराग दलाल ने 97 किलोग्राम ग्रीको रोमन में सिल्वर, सुधीर दलाल ने 60 किलोग्राम में सिल्वर तथा विकास दलाल ने 87 व मोहित दलाल ने 55 किलोग्राम ग्रीको में ब्रांज मेडल जीते। अखाड़े में पहुंचने पर इन सभी का अभिनंदन किया गया। एसीपी एवं अर्जुन अवॉर्डी रमेश गुलिया ने विजेता पहलवानों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। कुश्ती को लेकर अहम टिप्स भी दिए। हिंद केसरी सोनू पहलवान, कॉमनवेल्थ चैंपियन धर्मेंद्र दलाल, अर्जुन अवॉर्डी ओमवीर सिंह, कोच अनुराग, मुकेश, रिंकू, सुधीर व सेठी ने भी पहलवानों को आशीर्वाद दिया।

सेक्टर 2 में सड़क-लाइट के लिए चेयरपर्सन से मिली आरडब्ल्यूए



बहादुरगढ़। चेयरपर्सन को ज्ञापन सौंपते आरडब्ल्यूए पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

मंगलवार को सेक्टर-2 आरडब्ल्यूए के प्रधान रामफल दलाल के नेतृत्व में महासचिव डीपी दहिया, उपप्रधान रामधन दलाल, विजेंद्र जून, कोषाध्यक्ष नरेश तहलान, सह सचिव अनिल शर्मा, प्रेस सचिव परमजीत दलाल और कैप्टन राम सिंह दलाल ने नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी से मुलाकात की। उन्हें ज्ञापन सौंपकर सेक्टर में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग की। सड़क, स्ट्रीट लाइन, ग्रीन बेल्ट आदि समस्याओं से चेयरपर्सन को अवगत करवाया। चेयरपर्सन सरोज राठी ने सेक्टर 2 की इन समस्याओं का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।



90 के दशक की यादें ताजा कर रहा सूर्या का 'सुनियो जरा'

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल की आगामी फिल्म 'सूर्याः अंत से आरंभ तक' को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ रही है। फिल्म के मेकर्स ने मंगलवार सुबह इसका नया गाना 'सुनियो जरा' रिलीज कर दिया है। इस गाने की खास बात यह है कि इसे हिंदी संगीत जगत के दिग्गज गायक उदित नारायण और कुमार सानू ने अपनी आवाज दी है। उनके साथ अनुपम अमोद भी इस म्यूजिकल कोलैबोरेशन का हिस्सा हैं। दोस्ती और पुराने रिश्तों की गर्माहट को समर्पित यह गाना सुनने वालों को भावुक करने के साथ-साथ 90 के दशक की पुरानी यादों में ले जाने की कोशिश करता है। यह फिल्म 20 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

लाइफ Style

सैयामी

इंटरनेशनल फिल्म में निभाएंगी किरदार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब खबर आ रही है कि सैयामी आने वाले समय में विदेशी सिनेमा में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरती हुईं नजर आएंगी। कलाकार को कुछ न कुछ नया करते रहना चाहिए। इसी दिशा में अभिनेत्री सैयामी खेर अपने कॅरियर में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही हैं। वह निर्देशक मैक्सिम कुजनेत्सोव की आगामी इंडो-रूसी ड्रामा फिल्म से अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में कदम रखेंगी। इस फिल्म में भारत और रूस के कलाकार व क्रिएटिव टीम के सदस्य साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की कहानी ड्रामा पर आधारित है, जो सिनेमा के जरिए दो अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने का प्रयास करेगी।

भारत और रूस में शूट हुई इस फिल्म के दौरान सैयामी को एक नए सिनेमाई माहौल में काम करने का अवसर मिला। विदेशी क्रू के साथ काम करने का उनका पहला अनुभव था। सैयामी कहती हैं- उनके साथ काम करना शानदार अनुभव था। रूस में शूटिंग हुई है, जहां मैं पहली बार गई थी। मास्को बेहद खूबसूरत शहर है। वहां काम करने का माहौल मेरे अब तक के अनुभवों से काफी अलग था। उम्मीद है कि यह मेरे लिए ऐसे कई और अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट का पहला कदम साबित होगा।

सुपरस्टार अक्षय कुमार की फिल्म हैवान को बीते महीने सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म फ्लॉप रही, लेकिन उसमें नजर आने वालीं अभिनेत्री सैयामी खेर ने अपनी अदाकारी से सबका दिल जीता था।



हॉलीवुड मसाला



नहीं मिल रहीं गॉडजिला को स्क्रीनिंग

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की सुपरहिट फिल्म रामायण पार्ट 1 की वजह से हॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी वाली फिल्म गॉडजिला को भारत में रिलीज करने का इरादा मेकर्स को टालना पड़ा है। 6 नवंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज होने जा रही गॉडजिलाः माइनस जीरो' की रिलीज डेट को मेकर्स आगे खिसकाने की प्लानिंग कर रहे हैं। रणबीर कपूर की माइथोलॉजिकल फिल्म रामायणम पार्ट 1 दीपावली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ठीक उसी समय पर गॉडजिलाः माइनस जीरो भी आ रही है।



वरुण व कृति डब करेंगे ऑब्सेशन का हिंदी वर्जन

नई दिल्ली। अभिनेता वरुण धवन और कृति सेन हॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' के हिंदी वर्जन से जुड़े हैं। दोनों सितारे इसके हिंदी वर्जन में मुख्य किरदारों को अपनी आवाज देंगे। यह फिल्म बेयर नाम के एक म्यूजिक स्टोर वर्कर की कहानी है, जिसे अपनी कलीग निक्की से प्यार हो जाता है। उसकी जिंदगी में एक बुरा मोड़ तब आता है, जब वह 'वन विश विलो' नाम के एक अजीब खिलौने का इस्तेमाल करके उसे अपने प्यार में डाल देता है। हालांकि, उसकी इस इच्छा से कुछ अनचाही और डरावनी घटनाएं होती हैं, क्योंकि निक्की उसके लिए और ज्यादा ऑब्सेस्ड हो जाती है। कृति सेनन ने कहा कि उन्हें कहानी पसंद आई और उन्हें यह रोल काफी उत्साहित करने वाला लगा, साथ ही चैलेंजिंग भी।



30 को आएगा श्रद्धा की ईठा का ट्रेलर...

नई दिल्ली। श्रद्धा कपूर और रणदीप हुड्डा की अपकमिंग फिल्म 'ईठा' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इससे पहले मेकर्स ने इस फिल्म के ट्रेलर के रिलीज डेट को लेकर जानकारी दी है। हाल ही में जारी हुए फिल्म के टीजर में श्रद्धा कपूर का शानदार लुक देखने को मिला था। अभिनेत्री अपने डांस से दर्शकों को अपना दीवाना बानाने वाली हैं। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो क्लिप शेयर की है। इसमें देखा जा सकता है कि गांव का माहौल है। बहुत से लोग रात के वक्त जमा हुए हैं। इन लोगों के बीच में एक महिला खड़ी है। उसके आस-पास सभी लोग जोर-जोर से ईठा-ईठा के नारे लगा रहे हैं। वीडियो क्लिप के बैकग्राउंड का संगीत अच्छा समा बांध रहा है। श्रद्धा कपूर ने वीडियो क्लिप शेयर करते हुए लिखा, 'बिखरेगा जलवा इस शुक्रवार।



'लॉन्ग...' में साथ नजर आएंगे सैफ-विद्या

मुंबई। अभिनेता सैफ अली खान और विद्या बालन जल्द ही एक नई फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। 'द लंचबॉक्स' जैसी चर्चित फिल्म बना चुके डायरेक्टर रितेश बत्रा अपनी अगली फिल्म 'लॉन्ग इयर्स अगो' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म को जियो स्टूडियोज का साथ मिला है, जिसकी कमान ज्योति देशपांडे संभाल रही हैं। ज्योति इससे पहले फिल्म 'धुरंधर' के प्रोडक्शन से भी जुड़ी रही हैं। इस फिल्म में सैफ और विद्या के साथ फ्रेंच एक्ट्रेस मेलानी लॉरेंट भी अहम भूमिका निभाएंगी। यह एक फैमिली कॉमेडी-ड्रामा फिल्म होगी, जिसकी कहानी साल 1991 में सेट की गई है। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग मुंबई में की जाएगी। बता दें कि अभिनेता सैफ अली खान और अभिनेत्री विद्या बालन इससे पहले साल 2005 में आई फिल्म 'परिणीता' और 'एकलव्यः द रॉयल गार्ड' में साथ काम कर चुके हैं।

टीवी मसाला

बिग बॉस से बाहर होते ही मैरी कॉम ने खोली सबकी पोल!

नई दिल्ली। कलर्स टीवी के बहुचर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के 'वीकेंड का वार' में भारत की स्टार बॉक्सर मैरी कॉम का सफर खत्म हो गया। घर से एविक्ट होने के बाद मैरी कॉम ने एक बातचीत में बिग बॉस के घर के अंदर बीते दिनों, कंटेस्टेंट्स के असली चेहरों और खुद पर उठे सवालों पर बेबाकी से जवाब दिए हैं। माही को मैरी कॉम ने घर का सबसे बड़ा दिमाग और मास्टरमाइंड बताया। काजी को मैरी कॉम ने इस टैग के लिए चुना और कहा कि माही और काजी का कनेक्शन काफी गहरा है। मैरी कॉम ने बिना सोचे अरिश्फा का नाम लिया और कहा कि वह कैमरा और फुटेज के लिए सबसे ज्यादा नाटक करती है। मैरी कॉम ने आसिफ खान को घर का सबसे 'दोगला' सदस्य बताया। मैरी कॉम के मुताबिक घर में गुल्लू की दोस्ती सबसे सच्ची लगती है। मैरी कॉम का मानना है कि अमपाली दुबे और माही में विनर बनने की क्वालिटी है क्योंकि दोनों खेल को दिमाग से खेल रही हैं.भविष्य में फिर से किसी रियलिटी शो में जाने के सवाल पर मैरी कॉम ने मुस्कुराते हुए कहा कि वे इस पर विचार करेंगी. उन्होंने अपने तमाम फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि बिग बॉस के सफर में मिले प्यार के लिए वे हमेशा आभारी रहेंगी। 28 सालों तक रिंग में देश का नाम रोशन करने वाली मैरी कॉम ने बताया कि टेलीविजन का यह अनुभव उनके खेल जीवन से बिल्कुल अलग था और वे यहां सिर्फ एक नया अनुभव हासिल करने आई थीं। उन्होंने कहा, मैं एक स्पोर्ट्सपर्सन हूं और मैंने पिछले 20 सालों में देश के लिए काफी योगदान दिया है। लेकिन टेलीविजन और इस तरह के रियलिटी शोज का मुझे कोई अनुभव नहीं था। ब्रांड्स के शूट तो कुछ घंटों के होते हैं, पर 24 घंटे कैमरों के बीच रहना और शो को प्रमोट करना बिल्कुल अलग अनुभव है।



2 कंटेस्टेंट्स ने पार की हदें, सौरव गुस्से से हुए लाल

नई दिल्ली। रिएलिटी शो बिग बॉस एक ऐसा शो है, जो देश में इस वक्त करीब 6 भाषाओं में चल रहा है। इसका हिंदी वर्जन सबसे ज्यादा हिट है, जिसे सलमान खान होस्ट करते हैं। वहीं बिग बॉस को एक बार फिर सौरव गांगुल होस्ट कर रहे हैं। पर बिग बॉस बांग्ला में इस बार दो कंटेस्टेंट्स ने ऐसी हदें पार की हैं, कि इसकी चर्चा पूरे देश में होने लगी। फैमिली शो में दो कंटेस्टेंट्स के इंटिमेट होने पर शो के होस्ट सौरव गांगुली का पारा सातवें औसमान पर पहुंच गया और दोनों को लास्ट वार्निंग दे डाली। बिग बॉस बांग्ला के कई वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। ये वीडियो राजवीर डे और नंदिनी गुप्ता के हैं। वीडियो में दिख रहा है कि राजवीर और नंदिनी सैकड़ों कैमरो के बीच भी कभी लिप लॉक कर रहे हैं तो कभी एक-दूसरे के साथ इंटिमेट हो रहे हैं। दोनों का ये रोमांस इंटरनेट पर आग की तरह फैल गया है और लोग सवाल पूछ रहे हैं कि फैमिली शो में ये सब कैसे हो रहा है।



बहन की मौत का रहस्य सुलझा रहीं शनाया

मुंबई। बड़े पर्दे के बाद अब 'स्टूडूटेंट ऑफ द ईयर'की दुनिया ओटीटी पर आ गई है। करण जौहर ने अपनी इस फिल्म को वेब सीरीज के तौर पर बनाया है, जिसका नाम 'स्टूडूटेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' रखा गया है। जियो हॉटस्टार की इस सीरीज में शनाया कपूर लीड रोल में नजर आ रही हैं और मंगलवार को इस सीरीज का पहला ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'स्टूडूटेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' में शनाया कपूर अपनी बहन (आयशा मलिक) की रहस्यमयी मौत का राज़ पता करने की कोशिशों में लगी हैं। 1 मिनट 50 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि शनाया बहन की मौत की वजह से जानने के लिए हर हाद पार करने को तैयार है। इसमें शनाया की मां का किरदार शीबा चड्ढा ने निभाया है। शनाया ने सीरीज में डबल रोल निभाया है। यानी सीरीज में वो जुड़वा बहनों के किरदार में दिखाई देंगी। ट्रेलर की शुरुआत में दिखाया जाता है कि शनाया कपूर की बहन आयशा मलिक की लाश बर्फ से एक जमें बाराखली झील से मिलती है। मौत हादसा थी या हत्या? इसका पता करने के लिए शनाया खुद ही



सेंट टेरेसा हेरिटेज स्कूल पहुंच जाती हैं। वहां उनकी मुलाकात अलग अलग किरदारों से होती है। एक बेस्ट फ्रेंड जो आयशा से जलती थी. वो खुद को आयशा की बहन जैसा मानती है, लेकिन हादसे वाली रात उसे अकेला छोड़ दिया था। फिर शनाया की मुलाकाज आयशा के रिजेक्टेड लवर से होती है, जो खुद को उसका बेस्ट फ्रेंड बताता है। फिर रूम मेट से मिलती हैं जो साइको है और आयशा से नफरत करती थी. और एक बॉयफ्रेंड, जो कुछ ज्यादा ही परफेक्ट है।

साइकोलॉजिकल थ्रिलर गोंधल का धांसू ट्रेलर रिलीज मन में छिपे सच को लेकर छोड़ती है कई सवाल

नई दिल्ली। संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' 13 नवंबर को सात भाषाओं- हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और अंग्रेजी में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह एक ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि पहली बार किसी मराठी फिल्म को वर्ल्डवाइड लेवल पर सात भाषाओं में दोबारा रिलीज किया जा रहा है। फिल्म भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, दुबई और अफ्रीका सहित कई क्षेत्रों में रिलीज होगी। 99वें अकादमी पुरस्कारों के लिए भारत की ऑफिशियल एंट्री संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' का ग्लोबल ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर की एक प्रभावशाली झलक पेश करता है। भव्य सीन, सांस्कृतिक परिवेश और रहस्य की परतों में बुनी कहानी फिल्म की उस बेचैन कर देने वाली दुनिया की ओर संकेत करती है, जिसने इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर चर् छेड़ दी है।



क्या है गोंधल की कहानी?

महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत की पृष्ठभूमि पर आधारित 'गोंधल' सुमन नाम की लड़की की कहानी है जो नवविवाहिता है और अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुश नहीं है। सुमन के घर में पारिवारिक परंपरा के अनुसार देवी की आराधना का पारंपरिक लोक अनुष्ठान गोंधल चल रहा होता है और फिर कहानी में मोड़ तब आता है जब गोंधली कलाकार से सुमन की नजदीकियां बढ़ने लगती है। वह अपनी बोरिंग शादीशुदा जिंदगी से बाहर निकलना चाहती है। एक रात में चल रही इस कहानी में लालच, धोखा, हेरफेर, रिश्तों की कड़वाहट का ऐसा जाल बनता है कि एक तरफ भक्ति चल रही होती है और एक तरफ अन्य किरदार अपनी दबी हुई इच्छाओं, डर, वासना और स्वार्थ से जूझते हैं। ट्रेलर अपने रहस्यमय सीन्स और ऐसे रिश्ते की झलकियों के जरिए उत्सुकता बढ़ाता है, जो निजी इच्छाओं और गहरे दायित्वों के बीच फंसा हुआ है। यह कहानी दर्शकों के मन में परत के नीचे छिपे सच को लेकर कई सवाल छोड़ जाती है।

रामानंद सागर की रामायण में शबरी का किरदार निभाया था सरिता ने

200 से ज्यादा फिल्मों में काम, फिर भी नहीं मिली पहचान

नई दिल्ली। रामानंद सागर की रामायण के हर एक किरदार को देशभर में पहचान मिली थी। आज हम आपको रामायण के एक ऐसे किरदार के बारे में बता रहे हैं जो केवल एक एपिसोड में थीं, लेकिन उन्हें भी इस सीरियल ने असल मायनों में पहचान दिलाई।



कौन थीं शबरी?

हम जिस किरदार की बात कर रहे हैं उनका नाम है शबरी। शबरी की बात करें तो वो भगवान राम की सबसे बड़ी भक्त कही जाती हैं। वनवास के दौरान भगवान राम अपनी सबसे बड़ी भक्त से मिले थे। ऐसी कथाएं प्रचलित हैं कि जब भगवान राम आए तो शबरी ने उन्हें बेर खिलाए थे। बेर खट्टे न हों, ये देखने के लिए शबरी पहले खुद बेर चखती थीं और फिर वही भगवान राम को खिलाती थीं।

1947 में अपने करियर की शुरुआत की थी

रामानंद सागर की रामायण में शबरी का किरदार एक्ट्रेस सरिता देवी ने निभाया था। सरिता देवी राजस्थान से आती थीं। उन्होंने साल 1947 में अपने करियर की शुरुआत की थी। सरिता देवी ने अपने करियर में 200 से ज्यादा फिल्में की थीं, लेकिन उन्हें किसी भी फिल्म से वो पहचान नहीं मिल पाई जो रामायण के एक एपिसोड ने उन्हें दिला दी थी।

कभी बनीं बुआ, कभी भाभी तो कभी चाची

उन्होंने कभी मेन लीड की रोल की मां का किरदार निभाया, तो कभी भाभी का तो कभी चाची का। सरिता ने फिल्म टैक्सी ड्राइवर में देव आनंद की मां का रोल निभाया था। 1953 में आई परिणीता में उन्होंने भाभी की भूमिका निभाई थी। आई मिलन की बेला में उन्होंने बुआ का किरदार निभाया था। 1955 में आई देवदास में उन्होंने पारो की दादी का रोल निभाया था और आए दिन बहार के में उन्होंने मौसी का किरदार निभाया था।

सरिता को हमेशा मिले सपोर्टिंग रोल

मीडिया में मौजूद जानकारी के मुताबिक, सरिता देवी का जन्म 23 नवंबर, 1925 को जोधपुर में हुआ था। वो राजस्थान की पहली कैरेक्टर एक्ट्रेस थीं। मात्र 22 साल की उम्र में सरिता ने अपने करियर की शुरुआत की थी। सरिता देवी ने अपने करियर की शुरुआत भले ही 22 साल की उम्र में की हो, लेकिन अपने इतने लंबे करियर में उन्हें केवल सपोर्टिंग रोल ही मिले।

बॉलीवुड के दिग्गजों के साथ किया काम

सरिता ने अपने करियर में अमिताभ बच्चन, दिलीप कुमार, धर्मेंद्र, देवानंद, राजकपूर और मनोज कुमार जैसे कलाकारों के साथ काम किया। उन्होंने न केवल भारतीय फिल्मों के लिए काम किया बल्कि रूसी फिल्मों के लिए डबिंग भी की। सरिता को सात रूसी फिल्मों को हिन्दी में डब करने के लिए भी चुना गया था। रूसी फिल्म 'पेडेनिये बर्लिना' के लिए डायमंड पिक्चर्स की ओर से उन्हें सम्मानित भी किया गया था।

12 साल की उम्र में हुई थी पहली शादी

सरिता की निजी जिंदगी में काफी दर्द रहा। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जाता है सरिता का बाल विवाह हुआ था। जब सरिता 12 साल की थीं तब उनकी शादी हो गई थी। हालांकि, शादी के दो महीने बाद ही उनके पति की मौत हो गई थी। इसके बाद उन्होंने ड्रामा कंपनी के मालिक लालजी गोहिल से शादी की थी। इस शादी से उन्हें दो बेटे और एक बेटी हुई थी। लेकिन, साल 1990 में उनके दूसरे पति की भी मौत हो गई थी। पति के निधन के कुछ सालों बाद उनके बड़े बेटे ने भी दुनिया को अलविदा कह दिया था। सरिता अब इस दुनिया में नहीं हैं। उन्होंने 78 साल की उम्र में आखिरी सांस ली थी। साल 2001 में पार्किंसन्स बीमारी के कारण सरिता का निधन हुआ था।



खबर संक्षेप

पर्यावरण संरक्षण के प्रति किसानों को किया जागरूक

झज्जर। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा मंगलवार को गांव दुबलधन घिक्यान में कपास दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों को कपास की फसल की बेहतर देखभाल, उत्पादन बढ़ाने, कीट एवं रोगों की रोकथाम और फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बेरी उपमंडल के विभिन्न गांवों से लगभग 200 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। खंड कृषि अधिकारी बेरी डॉक्टर अशोक रोहिल्ला ने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि उपमंडल में फसल अवशेष जलाने पर रोक लगाने के लिए निषेधाज्ञा लागू की गई है। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है और मिट्टी की उर्वरता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

बागवानी बीमा योजना से मिलेगी आर्थिक सुरक्षा

झज्जर। डीसी वर्षा खांगवाल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा मधुमक्खी पालन व्यवसाय से जुड़े किसानों और उद्यमियों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने मधुमक्खी पालन को मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के दायरे में शामिल किया है। इससे मधुमक्खी पालकों को प्राकृतिक आपदाओं और अन्य निर्धारित परिस्थितियों में होने वाले नुकसान से आर्थिक राहत मिल सकेगी। यह पहल मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहन देने और किसानों की आय को सुरक्षित बनाने में सहायक होगी।

महापंचायत को सफल बनाने पर जताया आभार

बहादुरगढ़। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल व सचिव जयकरण मांडौठी ने सोमवार को रोहतक में हुई किसान मजदूर छात्र युवा महिला महापंचायत को सफल बनाने के लिए प्रदेश के किसानों, मजदूरों, छात्रों, युवाओं व महिलाओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता ने बड़े पैमाने पर भागीदारी कर महापंचायत को सफल बनाया। उन्होंने बताया कि विभिन्न मांगों को लेकर 3 नवंबर को प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे। इसके उपरांत एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगा।

सरकारी अस्पताल से बाइक ले उड़े चोर

बहादुरगढ़। नागरिक अस्पताल में शवगृह के पास से बाइक चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। जटवाड़ा के निवासी गौरव का कहना है कि सोमवार को वह अपने पिताजी के साथ नागरिक अस्पताल में गया था। बाइक अस्पताल की मोर्चरी के पास खड़ी की थी। दादाजी के पोस्टमार्टम के बाद जब जाने लगे तो बाइक नजर नहीं आई। अपने स्तर पर तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। पुलिस तलाशने में मदद करे। उधर, सिटी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

झज्जर मंडी में 1,58,914 क्विंटल बाजरे की आवक, 1,19,921 क्विंटल की हुई खरीद

झज्जर व मातनहेल मंडी में बाजरे व धान की आवक जोरों पर, उठान कार्य धीमा

मार्केट कमेटी सचिव ने सभी आढ़तियों को खरीदे गए बाजरे का जल्द उठान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

स्थानीय और मातनहेल अनाज मंडी में बाजरे की लगातार आवक के बीच उठान में देरी होने से मंडियों में फसल के ढेर लगते जा रहे हैं। जिसके चलते मार्केट कमेटी सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी कुलदीप ने सभी आढ़तियों को खरीदे गए बाजरे का जल्द उठान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार झज्जर मंडी में अब तक 1,58,914 क्विंटल बाजरे की आवक हो चुकी है, जिसमें से 1,19,921 क्विंटल की खरीद की गई है। मातनहेल मंडी में 1,78,634 क्विंटल बाजरे की आवक के मुकाबले 1,46,853 क्विंटल की खरीद हो चुकी है।



झज्जर। अनाजमंडी परिसर में फसल पैकिंग में जुटे श्रमिक। फोटो: हरिभूमि

मार्किट कमेटी सचिव ने आढ़तियों को निर्देश दिए हैं कि वे खरीदे गए बाजरे का जल्द से जल्द उठान करवाएं। यदि उठान संभव नहीं है तो बाजरे को बारदाने में भरकर स्टैक लगाएं, ताकि भौतिक जांच के बाद खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी रह सके। खरीद के तुरंत बाद निर्धारित समयावधि में बाजरे का वास्तविक वजन ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करने और जे-फार्म जारी करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि निर्देशों की पालना में लापरवाही मिलने पर संबंधित आढ़ती के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



झज्जर। अनाज मंडी में किसानों व आढ़तियों की समस्याएं सुनते जिप सीईओ मनीष फौगाट। फोटो: हरिभूमि

जिप सीईओ ने मातनहेल अनाज मंडी का किया दौरा

झज्जर। खरीफ फसलों की खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने और किसानों को मंडियों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिप सीईओ मनीष फौगाट ने मातनहेल अनाज मंडी का दौरा किया। उन्होंने मंडी में खरीद व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और फसल की खरीद से जुड़ी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की जाएं। उन्होंने कहा कि किसानों की उपज की खरीद से लेकर उसके उठान और भंडारण तक सभी व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से संचालित की जाए, ताकि खरीद सीजन के दौरान किसानों और आढ़तियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

- बाजरा और धान खरीद व्यवस्थाओं का लिया जायजा



झज्जर। किसान सदन में गेहूं बीज वितरण करते हुए कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

किसान सदन केंद्र पर वितरित किया गेहूं का बीज

झज्जर। हरियाणा बीज विकास निगम के बिक्री केंद्र पर किसानों को नियमानुसार बीज वितरण का कार्य किया जा रहा है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के एसएमएस डॉक्टर देवेंद्र ने बताया कि बिक्री केंद्र पर गत बीते 21 सितंबर से बीज वितरण किया जा रहा है। केंद्र पर किसानों के लिए नौ किस्मों का बीज उपलब्ध करवाया गया है। उन्होंने बताया कि निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले अधिक बीज प्राप्त हुआ। जिसमें से किसानों को नियमानुसार वितरित किया जा चुका है। फिलहाल उपलब्ध स्टॉक में से 310.80 क्विंटल बीज शेष हैं, जिसका वितरण भी नियमों के अनुसार किया जा रहा है।

महिला को डंडों से पीटा पुलिस कर रही जांच

बहादुरगढ़। बादली थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला को डंडों से पीटे जाने का मामला सामने आया है। महिला ने गांव के ही एक व्यक्ति व उसके परिवार पर आरोप लगाए हैं। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। इस्माइलपुर गांव की निवासी संगीता का कहना है कि गत 20 अक्टूबर को वह गांव के अड्डे की तरफ जा रही थी। रास्ते में गांव का निवासी एक व्यक्ति मिला और झगड़ने लगा। डंडे से हमला कर दिया। इसी दौरान उसकी पत्नी व बेटा आया। उन्होंने भी हमला किया। लोग इकट्ठे हुए तो वे धमकी देकर भाग गए। इसके बाद मुझे सीएचसी में भर्ती कराया गया। अब तबीयत में सुधार होने पर शिकायत दी है। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में जरूरी कदम : दुग्गल

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

भाजपा जिला मुख्यालय कमलम में मंगलवार को पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ विषय पर प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि मतदाता सूची का समय-समय पर पुनरीक्षण लोकतंत्र की मजबूती, चुनावी पारदर्शिता और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए बेहद आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि एसआईआर कोई नई प्रक्रिया नहीं है। कांग्रेस के शासनकाल में भी मतदाता सूचियों का दस बार पुनरीक्षण किया गया और वर्तमान प्रक्रिया को 12वीं प्रक्रिया बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लगभग बीस वर्षों के लंबे अंतराल के बाद मतदाता सूची का व्यापक पुनरीक्षण किया जा रहा है। समय के साथ मतदाताओं की स्थिति में बदलाव आता है, इसलिए मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए ऐसी प्रक्रिया जरूरी है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, जिला प्रभारी हरविंद कोहली, दिनेश कौशिक, जिला महामंत्री दयाकिशन, जिला मीडिया प्रभारी गीतांशु चावला मौजूद रहे।



झज्जर। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल।



झज्जर। मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता पर आधारित पोस्टर दिखाते हुए विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर विद्यार्थियों ने बनाए पोस्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

राजकीय महाविद्यालय दुजाना में मनोविज्ञान विभाग व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य नसीब सिंह ने की। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एक सामाजिक विषय है जिसका उद्देश्य मानसिक विकृतियों से पीड़ित लोगों को इसके प्रति फैली गलत धारणाओं के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना है। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉक्टर सजनी देवी ने स्वयं सेविकों को मानसिक स्वास्थ्य बारे जानकारी देते हुए कहा कि सभी अपने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए समय निकालें, इसके लिए अपने परिवार, मित्रों तथा समुदाय के लोगों के साथ समय बिताएं और अफवाहों से बचें। मानसिक बीमारी का सामना करने के लिए नए-नए कौशल सीखें, फोन से दूर रहें और अच्छी पुस्तकें पढ़ें। इस दौरान स्वयंसेवियों ने मानसिक जागरूकता के लिए पोस्टर बनाकर महाविद्यालय व आस-पास के क्षेत्र में जागरूकता भी फैलाई। इस मौके पर डॉक्टर सीमा कुंडू, डॉक्टर सुनीता, डॉक्टर अंजू बाला, डॉक्टर मोनिका सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

सार्थक छिल्लर ने एमबीए में हासिल की फर्स्ट डिवीजन

बहादुरगढ़। लडरावण स्थित सत कबीर कॉलेज के सचिव दयाकिशन छिल्लर के पुत्र सार्थक छिल्लर ने उत्तराखंड की यूपीईएस यूनिवर्सिटी से एमबीए की परीक्षा फर्स्ट डिवीजन से उत्तीर्ण कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। सार्थक छिल्लर ने उत्तराखंड के पूर्व मंत्री नारायण सिंह का मुंह मीठा करवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान दयाकिशन छिल्लर ने सार्थक की इस सफलता को उसकी मेहनत और लगन का परिणाम बताते हुए शिक्षा के क्षेत्र में ऐसी उपलब्धियां हासिल करने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। सनवीर दलाल ने भी सार्थक को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



बहादुरगढ़। पूर्व मंत्री नारायण सिंह को मिठाई खिलाते सार्थक छिल्लर। फोटो: हरिभूमि

दो गाड़ियों की टक्कर में युवक घायल

बहादुरगढ़। बादली बाईपास के निकट दो वाहनों की टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक घायल हो गया। उसे दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। घायल की पहचान गौरव निवासी हसनपुर के रूप में हुई है। गौरव का कहना है कि वह दिल्ली में दमकल विभाग में कांट्रेक्ट बेस पर कार्यरत है। गत 23 अक्टूबर की रात को ड्यूटी पर जा रहा था। जब बादली बाईपास के निकट पहुंचा सामने तेज गति से स्कार्पियो आई और मेरी कार में टक्कर मार दी। दुर्घटना में मुझे पांव, माथे पर चोट आई। हादसे के बाद आरोपी गाड़ी चालक वहां से निकल गया। तब मुझे बादली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद परिजन बेहतर ईलाज के लिए दिल्ली के अस्पताल में ले गए। वहीं, बादली पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

देवरखाना पैक्स में खाद नहीं आने से परेशान किसानों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

झज्जर। जिले के गांव देवरखाना की को-ऑपरेटिव सोसायटी में डीएपी खाद न आने से छह गांवों के किसान परेशान हैं। खाद न मिलने से गेहूं की बिजाई पर संकट मंडराने लगा है। इस समस्या को लेकर भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष धर्मबीर गुलिया ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि देवरखाना पैक्स के अंतर्गत छह गांव आते हैं। दो बार खाद का रैक लग चुका है, लेकिन इस पैक्स में अब तक खाद नहीं पहुंची है। किसान खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं। यदि समय पर डीएपी खाद उपलब्ध नहीं हुई तो गेहूं की बिजाई प्रभावित होगी। भारतीय किसान संघ ने मांग की है कि छह गांवों के किसानों की समस्या को देखते हुए देवरखाना पैक्स में जल्द से जल्द डीएपी खाद उपलब्ध कराई जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द खाद उपलब्ध नहीं कराई गई तो किसानों को मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।





बहादुरगढ़। विजेता छात्राओं के साथ प्रिंसिपल डॉ. पूनम चौधरी। फोटो: हरिभूमि

बाल विकास स्कूल में हुई पोस्टर प्रतियोगिता

बहादुरगढ़। बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थीम सत्यनिष्ठा से समृद्धि पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत हुई प्रतियोगिता में 12वीं कॉमर्स की वर्षा ने प्रथम, आठवीं कक्षा की श्रेया मिश्रा ने द्वितीय तथा 11वीं साइंस की प्रिया कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल डायरेक्टर एडवोकेट प्रवीण छिल्लर, डॉ. सीमा छिल्लर और प्राचार्या डॉ. पूनम चौधरी ने विजेता छात्राओं को बधाई देते दी।

विश्वकर्मा चौक पर दुकान के बाहर मिला शव

बहादुरगढ़। रेलवे रोड स्थित विश्वकर्मा चौक पर एक व्यक्ति का शव मिला। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। घटना मंगलवार सुबह की है। यहां चौक पर स्थित एक दुकान के बाहर बिछे तख्त के नीचे व्यक्ति देखा गया। लोगों ने नजदीक जाकर परखा तो उसकी सांसें थमी हुई थी। फिर पुलिस को सूचना दी गई। जांच अधिकारी बिजेंद्र सिंह का कहना है कि मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष आंकी जा रही है। फिलहाल 72 घंटे के लिए शव नागरिक अस्पताल में रखवा कर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं।



दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

बहादुरगढ़। छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में 14 नवंबर को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर प्राचार्य डॉ. सुशील दलाल की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक हुई। बैठक में समारोह के सफल आयोजन तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। दीक्षांत समारोह में पूर्व विद्यार्थियों को उनकी डिग्रियां वितरित की जाएंगी। बैठक में दीक्षांत समारोह की रूपरेखा तैयार करने, कार्यक्रम के सुचारु संचालन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में विचार-विमर्श किया गया।



जय मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

झज्जर। जय मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का झांसी और ग्वालियर का चार दिवसीय शैक्षिक भ्रमण ज्ञानवर्धक एवं यादगार रहा। विद्यार्थियों ने विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर उनके इतिहास, भारतीय संस्कृति और समृद्ध विरासत बारे जानकारी प्राप्त की। प्राचार्या मोनिका शर्मा ने बताया कि भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने झांसी में रानी लक्ष्मीबाई संग्रहालय, झांसी का किला और रानी महल देखा। ग्वालियर में ग्वालियर फोर्ट, सूर्य मंदिर, तेली का मंदिर, सूरजकुंड और राजा मानसिंह का किला सहित अन्य ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया।

छात्राओं ने तिलियार झील का किया भ्रमण

झज्जर। महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय के विज्ञान विभाग की ओर से छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत रोहतक स्थित तिलियार झील का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने वनस्पतियों, पक्षियों, जलीय जीवों और जैव विविधता का अध्ययन करने के साथ जल एवं मिट्टी के नमूनों के पीएच मान का परीक्षण कर जल एवं मृदा की प्रकृति को समझा। वनस्पति विज्ञान की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर हिमानी, प्राणी विज्ञान की डॉक्टर निशा, रसायन विज्ञान की सिमरन, मोनिका व चिंकू तथा भौतिक विज्ञान की असिस्टेंट प्रोफेसर चिंकी ने छात्राओं को विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों के माध्यम से व्यावहारिक जानकारी देते हुए कोण-उन्नयन और कोण-अवनमन की अवधारणाओं से परिचित कराया।



झज्जर। तिलियार झील परिसर में उपस्थित शिक्षिका एवं छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

गिरावड़ में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

कायाकल्प अभियान के तहत विद्यार्थियों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

वर्ल्ड कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च हॉस्पिटल गिरावड़ में कायाकल्प अभियान के अंतर्गत स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के चेयरमैन डॉक्टर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर कुंवर रोहन सिंह, डीन एयर कमोडोर डॉक्टर आदित्य भार्गव तथा कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉक्टर आरबी जैन ने मुख्य रूप से शिरकत की।

अभियान के अंतर्गत कॉलेज परिसर, हॉस्टल, मेस, पार्किंग एवं आसपास के क्षेत्रों तथा पानी की टंकियों की सफाई की गई। विद्यार्थियों ने स्वच्छता विषय पर पोस्टर बनाकर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया।

इसके अतिरिक्त, अस्पताल कर्मचारियों को संक्रमण की रोकथाम एवं मरीजों की सुरक्षा के लिए हैंड हाइजीन का प्रशिक्षण भी दिया गया। चेयरमैन डॉक्टर नरेंद्र सिंह ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य संस्थान में स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखना तथा विद्यार्थियों और कर्मचारियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।



झज्जर। संस्थान परिसर में साफ-सफाई करते हुए चिकित्सक एवं कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

अवैध रास्ता बंद कराने की मांग

बहादुरगढ़। गांव सांखोल के ग्रामीणों ने अवैध रास्ते को बंद कराने की मांग उठाई है। इस संबंध में जिला उपायुक्त को पत्र भी लिखा गया है। वीरेंद्र, संदीप, राजीव, हरिराम, पारस, नरेंद्र, बलराज, ओमप्रकाश आदि का कहना है कि हमारे गांव में खसरा नंबर 53 पर कुछ फैक्ट्रियां लगी हैं। इन फैक्ट्रियों में आने जाने वाले वाहन अपने निर्धारित रास्ते का इस्तेमाल न करके गांव की गलियों से गुजर रहे हैं। इस वजह से कई हादसे हो चुके हैं। पहले यहां ईंटों से बनी एक दिवार हुआ करती थी लेकिन बाद में उसे तोड़कर रास्ता बना दिया गया। इस दिशा में ध्यान देते हुए उपयुक्त कार्रवाई की जाए।

कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़
नोटिस आम जनता

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति राजवती (बहन), संतोष (बहन), इंद्रपाल खुराना (भाई), शारदा (बहन), सेजल (भतीजी), पारस खुराना (भतीजा) स्व. सुरेंद्र कुमार पुत्र ताराचंद निवासी धर्मपुरा, बहादुरगढ़ द्वारा ऑनलाइन एनडीसी पोर्टल प्रॉपर्टी आईडी नंबर-3B9L6EJ3 वार्ड नंबर-17 कॉलोनी धर्मपुरा, जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के प्रॉपर्टी टैक्स रिकार्ड में सुरेंद्र कुमार के नाम से दर्ज है। सुरेंद्र कुमार की मृत्यु उपरांत अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में उक्त आईडी नंबर पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते हैं, जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक की गई है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति आईडी नंबर-3B9L6EJ3 वार्ड नंबर-17 कॉलोनी धर्मपुरा पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपत्ति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा, इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपत्ति नंबर-3B9L6EJ3/100 वर्ग गज राजवती (बहन), संतोष (बहन), इंद्रपाल खुराना (भाई), शारदा (बहन), सेजल (भतीजी), पारस खुराना (भतीजा) स्व. सुरेंद्र कुमार पुत्र ताराचंद के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकॉर्ड में दर्ज कर दी जाएगी, जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हस्ता/- कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़

करवाचौथ कल : सुहागिनों के त्योहार को लेकर सजा बाजार

पिया के लिए व्रत रखेंगी महिलाएं, खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के बाजार वीरवार 29 अक्टूबर को मनाए जाने वाले करवाचौथ त्यौहार को लेकर पूरे रंग में नजर आ रहे हैं। करवा चौथ पर सजने-संवरने और खरीदारी करने का अपना अलग उत्साह है। हर महिला अपनी पसंद, परंपरा और बजट के अनुसार इस त्योहार को खास बनाना चाहती है। शहर के मेन बाजार, भगत सिंह मार्केट, पुराना नजफगढ़ रोड, रेलवे रोड व कमेटी चौक सहित अन्य जगहों पर दुकानदारों ने दुकानें सजाई हुई है। दुकानों पर महिलाएं सलवार सूट व साड़ी सहित आभूषण की खरीदारी करती नजर आ रही हैं। पार्लर में करवा चौथ के लिए महिलाओं को विशेष छूट दी जा रही है। मेहंदी व मेकअप के लिए महिलाओं की लंबी लाइनें लगी हुई हैं।

सिटी प्लस

डिजाइनर साड़ियों और सूट की बढ़ी मांग

करवाचौथ में केवल एक दिन शेष है, लेकिन मंगलवार को भी बाजारों में हाथों पर मेहंदी लगवाने के लिए काफी महिलाएं पहुंची हुई थी। मेहंदी लगाने वाले युवक महिलाओं से 200 रुपये से लेकर एक हजार रुपये तक ले रहे हैं। महिलाओं का कहना है कि ये पर्व महिलाओं के लिए विशेष होता है। अपनी पति की लंबी आयु की कामना के लिए इस दिन उपवास रखती है। करवाचौथ को लेकर महिलाएं खरीदारी करने के लिए आ रही हैं। दुकानदार तरसेम जैन ने बताया कि उनसे पास 1000 रुपये से लेकर 10 हजार रुपये तक की साड़ी है। सुकेश खुराना के अनुसार सलवार व सूट भी अच्छे-अच्छे डिजाइनों में आए हुए हैं। करवाचौथ को लेकर अच्छी खासी सेल हो रही है। इस बार महिलाएं डिजाइनर कपड़े ज्यादा पसंद कर रही हैं। कॉस्मेटिक स्टोर के मालिक दीपक का कहना है कि करवाचौथ के व्रत को लेकर हमारे यहां डिजाइनर थाली है। जिसमें हमने पूजा का सामान, करवा, मेहंदी की कोन और सूखे मेवे का डिब्बा मुख्य रूप से रखा है। थाली की कीमत 800 रुपये से लेकर 4,500 रुपये तक है।



बहादूरगढ़। मंगलवार को मेहंदी लगवाती महिलाएं।

पर्व विश्वास का प्रतीक : अनुष्का

अनुष्का सुंदरम बताती हैं कि करवा चौथ उनका पसंदीदा त्योहार है। यह पति-पत्नी के प्रेम और विश्वास का प्रतीक है। इस दिन व्रत रखकर वे अपने पति की लंबी उम्र और सुखी जीवन की कामना करती हैं। इस दिन सजने-संवरने के लिए खरीदारी करना उन्हें बेहद पसंद है। मुझे करवा चौथ पर पारंपरिक कपड़ों के साथ-साथ नए फैशन को अपनाना भी पसंद है। उन्होंने अपनी ड्रेस के साथ मैचिंग ज्वेलरी और फुटवियर खरीदे हैं। उनके लिए यह त्योहार सजने-संवरने के साथ परिवार के साथ खुशियां बांटने का अवसर भी है।



सोलह शृंगार का विशेष महत्व : रवीना

रवीना डबास कहती हैं कि करवा चौथ पर सोलह शृंगार का विशेष महत्व है। पति-पत्नी के रिश्ते में प्रेम, सम्मान और विश्वास के साथ उत्साह होना भी जरूरी है। उन्हें करवा चौथ पर मेहंदी लगवाना और हाथों में रंग-बिरंगी चूड़ियां पहनना बहुत पसंद है। सहेलियों के साथ उन्होंने बाजार में खूब खरीदारी की है। इससे त्योहार का उत्साह भी बढ़ जाता है। इस दिन नई साड़ी, सुंदर गहने और मैचिंग चूड़ियां पहनकर सजने-संवरने से उन्हें खुशी और आत्मविश्वास मिलता है।



परंपराओं से जुड़ा त्योहार : चेतना

चेतना गुप्ता के अनुसार करवा चौथ पर बाजारों की रौनक देखते ही बनती है। उनका मानना है कि करवा चौथ पर सजना-संवरना अपनी खुशी और परंपरा से जुड़ने का एक तरीका है। अन्य महिलाओं की तरह वे भी सजती-संवरती हैं, मेहंदी लगाती हैं और एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटती हैं। करवा चौथ हमारी भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ा हुआ त्योहार है।



राजकीय कॉलेज में 53वीं एथलेटिक मीट का शुभारंभ

400 मीटर दौड़ में अमन व लंबी कूद में धीरज रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को 53वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर के रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव ने ध्वजारोहण किया और औपचारिक तौर पर वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ किया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को शपथ ग्रहण करवाई गई। प्राचार्या सुमन हुड्डा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। प्रो. शिवालिक यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास व टीम भावना का विकास करते हैं। आयोजन सचिव डॉ. अमित छिकारा ने बताया कि दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न एथलेटिक स्पर्धाएं होंगी। मंच का संचालन सीमा ने किया। पहले दिन मंगलवार को विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लड़कों की 400 मीटर दौड़ अमन प्रथम, पराग द्वितीय और दक्ष तृतीय रहा। जबकि 1500 मीटर दौड़ में शुभम पहले, निखिल दूसरे और इशांत तीसरे नंबर पर रहा। लंबी कूद में धीरज प्रथम, अमन द्वितीय और शुभम तृतीय रहा।





बहादुरगढ़। प्रतियोगिता में दौड़ लगाती छात्राएं और विजेताओं को पुरस्कृत करते मुख्यअतिथि व अन्य।

विजेताओं को मेडल पहनाकर किया सम्मानित

शॉटपुट में दक्ष, आदित्य जून और शुभम क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे। भाला फेंकने में शुभम पहले, संजीत दूसरे और गौतम तीसरे नंबर पर रहा। लड़कियों की 200 मीटर दौड़ में मनीषा पहले, दीपा दूसरे और मुस्कान तीसरे नंबर पर रही। जबकि 400 मीटर दौड़ में मनीषा प्रथम, दीपा द्वितीय और मुस्कान तृतीय रही। लंबी कूद में दीपा पहले, मनीषा दूसरे और वैष्णवी तीसरे नंबर पर रही। शॉटपुट में प्रथम तनु, द्वितीय जागृति और तृतीय मनीषा रही। भाला फेंकने में तमन्ना पहले, वैष्णवी दूसरे और दीपा तीसरे नंबर पर रही। मुख्य अतिथि ने सभी विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

पाइपलाइन बिछाने के बाद बनेगी सीसी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के वार्ड-18 स्थित विवेकानंद नगर की मुख्य सड़क पर पेयजल पाइपलाइन बिछाने के कार्य का नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने निरीक्षण किया। पाइपलाइन बिछाने का काम पूरा होने के बाद एमआईई की तरफ जाने वाली इस सीसी सड़क का निर्माण कराया जाएगा। चेयरपर्सन ने संबंधित अधिकारियों को काम में तेजी लाने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। पार्षद संदीप दहिया ने चेयरपर्सन सरोज राठी का धन्यवाद किया। चेयरपर्सन ने बताया कि विवेकानंद नगर की इस मुख्य सड़क को पक्का करने के लिए पहले ही टेंडर लगाया जा चुका है, लेकिन क्षेत्र की 4-5 अप्रोच गलियों में करीब 10 सालों से पेयजल की समस्या थी। पाइपलाइन का काम पूरा होते ही सड़क निर्माण कार्य को भी पूरा कराया जाएगा।



बहादुरगढ़। पाइपलाइन बिछाने के कार्य का निरीक्षण करती चेयरपर्सन।

प्रतियोगी परीक्षाओं में अंग्रेजी भाषा की आवश्यकता विषय पर व्याख्यान



झज्जर। राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट सैल प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस व्याख्यान का विषय प्रतियोगी परीक्षाओं में अंग्रेजी भाषा की आवश्यकता रहा। प्रशासनिक प्रभारी डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा के शब्द-ज्ञान, व्याकरण, पठन एवं लेखन कौशल विकसित करने के लिए नियमित अभ्यास करने की सलाह दी। उन्होंने समाचार-पत्र पढ़ने और अंग्रेजी में संवाद करने के माध्यम से आत्मविश्वास बढ़ाने पर बल दिया। इस मौके पर मृणाल, अजय सिंह, डॉक्टर सतपाल सिंह सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

न्यूज डायरी

फ्रेशर पार्टी में बिखेरे प्रतिभा के रंग

झज्जर। गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कबलाना में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत में फ्रेशर पार्टी आरोहण 2026 का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉक्टर अमन अग्रवाल ने विभागाध्यक्षों के साथ मिलकर दीप प्रज्ज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्टूडेंट वेलफेयर विभाग की ओर से आयोजित समारोह में इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट विभाग के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में नैंसी और प्राची ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि आयान-नाम्या, आदित्य-एमडी शानवाज, दिव्यांश-दीप्ति, प्रियंशी-विधि, एमडी समीर-दीपक कुमार झा, खुशी-चांदनी और दीप्ति-मुस्कान ने युगल नृत्य से दर्शकों का मनोरंजन किया। इसके अलावा पंकज, पिंटू और अखिलेश की तिकड़ी ने शानदार प्रस्तुति दी। फैशन शो में विद्यार्थियों ने रैंप वॉक कर अपनी प्रतिभा दिखाई।



उपायुक्त ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



झज्जर। मंगलवार को गांव निमाणा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीसी वर्षा खांगवाल ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम केवल एक प्रशासनिक गतिविधि नहीं, बल्कि सरकार की जनसंवाद और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे पात्रता के अनुसार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम में प्राप्त शिकायतों की गंभीरता से जांच करते हुए निर्धारित समयावधि में उनका निपटान सुनिश्चित किया जाए।

बीएड प्रथम वर्ष में प्रियंका अव्वल

बहादुरगढ़। वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की प्रथम वर्ष की छात्राओं ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। बीएड प्रथम वर्ष में 84.71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रियंका प्रथम स्थान पर रही। जबकि 84.28 फीसद अंक प्राप्त कर नेहा द्वितीय और 83.57 प्रतिशत अंक प्राप्त कर साहिना खातून तृतीय स्थान पर रही। कॉलेज की 32 छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कॉलेज प्राचार्या डॉ आशा शर्मा ने सभी छात्राओं को बधाई एवं आशीर्वाद देते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम करने से सफलता निश्चित मिलती है। महाविद्यालय समाज को अच्छे अध्यापक देने के लिए वचनबद्ध है। कॉलेज प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल व प्रबंधन समिति के सदस्यों ने कहा कि छात्राओं की यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं गुरुजनों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने सभी सफल छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



बाबा कांशीगिरी मंदिर में कार्तिक मास की कथा का हुआ शुभारंभ



झज्जर। बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर परिसर में कार्तिक मास की कथा का श्रद्धा और भक्ति के साथ शुभारंभ हुआ। पंडित पवन कौशिक ने कहा कि कार्तिक मास का महीना अत्यंत पवित्र माना जाता है। इस माह में भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण की पूजा करने का विशेष महत्व है। इस महीने में जो व्यक्ति भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी और श्रीकृष्ण की उपासना करता है उसकी मनोकामना पूर्ण होती हैं। कार्तिक मास भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने का सबसे शुभ समय माना जाता हैं। कार्तिक मास में नियम पूर्वक स्नान, तुलसी पूजा, दीपदान, भजन एवं दान का विशेष महत्व है।

लाहौल-स्पीति के साहसिक शिविर में संस्कारम् विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थियों ने लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

संस्कारम् विश्वविद्यालय पाटौदा के दो विद्यार्थियों साई चरण और तुलसी राम ने हरियाणा राज्य एनएसएस सेल के तत्वावधान में हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में आयोजित दस दिवसीय साहसिक शिविर में भाग लिया। अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान में आयोजित शिविर में विद्यार्थियों ने पर्वतीय ट्रेकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, रैपलिंग और नदी पार करने जैसी गतिविधियों में भागीदारी की। बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र साई चरण और बी-फार्मेसी पंचम सेमेस्टर के छात्र तुलसी राम ने शिविर के दौरान साहस, अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्हें स्थानीय संस्कृति, पर्वतीय जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण बारे भी जानकारी हासिल की। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर महिपाल ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करते हैं। विश्वविद्यालय के एनएसएस प्रभारी डॉक्टर नवीन कुमार और एनसीसी अधिकारी डॉक्टर निशांत ने भी दोनों छात्रों की उपलब्धि की सराहना करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया।

- दस दिवसीय शिविर में पर्वतीय ट्रेकिंग, रॉक क्लाइबिंग और रैपलिंग जैसी गतिविधियों में लिया भाग



झज्जर। लाहौल-स्पीति में साहसिक प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित छात्र साईचरण व तुलसीराम।

जागरूकता शिविर में महिलाओं के कानूनी अधिकारों की दी जानकारी



झज्जर। संस्कारम् विश्वविद्यालय की विधिक सहायता समिति की ओर से लाहली गांव में घरेलू हिंसा पर कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को घरेलू हिंसा के विभिन्न स्वरूपों, महिलाओं के कानूनी अधिकारों और घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अंतर्गत उपलब्ध कानूनी संरक्षण की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विधिक सहायता समिति के संयोजक डॉक्टर संदीप लाल, सह-संयोजक डॉक्टर रितु यादव और अवनिका शर्मा उपस्थित रहे। इस दौरान विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने लघु नाटक के माध्यम से घरेलू हिंसा के दुष्प्रभावों, महिला अधिकारों और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का संदेश दिया। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ महिला सशक्तिकरण और सामाजिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देना रहा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295154800, 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5×8 सें.मी 10×8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

नेहरू कॉलेज में 'हरियाणा : विरासत, वर्तमान और विमर्श' कार्यक्रम का आगाज

हरियाणवी होने के लिए धरती पुत्र ही नहीं सोच भी हरियाणवी होनी चाहिए : मित्तल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में हरियाणा साहित्य उत्सव के तहत 'हरियाणा : विरासत, वर्तमान और विमर्श' कार्यक्रम का मंगलवार को आगाज हुआ। जिसमें नेहरू कॉलेज के पूर्व विद्यार्थी और अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक डॉक्टर कश्मीरी लाल मित्तल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने अमेरिका प्रवास के दौरान अपने रोचक संस्मरण सुनाये और विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति सजग रहने तथा उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। पहले सत्र में डॉक्टर अनूप लाठर ने 'हरियाणवी होने के मायने' विषय पर चर्चा की और रिटायर्ड कर्नल योगेंद्र सिंह ने उनसे संवाद किया। उन्होंने कहा कि सिर्फ धरती पुत्र होना ही हरियाणवी नहीं है बल्कि सोच भी हरियाणवी होनी चाहिए। हरियाणा का दायरा बहुत बड़ा है और 1857 से पहले दिल्ली सूबा भी हरियाणा का ही भाग था।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान गजल की प्रस्तुति देते हुए प्राध्यापक अनमोल।

शिवालिक से अरावली तक फैली संस्कृति

हरियाणा की संस्कृति शिवालिक से अरावली तक फैली हुई है। हरियाणवी संस्कृति हमारे जीवन का तरीका है। दूसरे सत्र में अवंती कुंडू ने इतिहास प्राध्यापक अमनदीप से 'पवित्र हरियाणा : देवी-देवताओं की परम्परा और पुनर्व्याख्या' पर चर्चा की। वहीं तीसरे दिन सत्र में बीबीसी पत्रकार सर्वप्रिया सांगवान और सिनेमा अभिनेत्री सुमित्रा हुड्डा ने हरियाणवी महिला : रूढ़िवादिता से परे विषय पर चर्चा की। इस दौरान संगीत प्राध्यापक अनमोल ने गजल प्रस्तुत की और विद्यार्थियों ने लोक नृत्य और हरियाणवी गीत- संगीत की शानदार प्रस्तुति दी।

विक्रम ने रास्ता निर्माण के लिए दिए 51 हजार



बहादुरगढ़। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट विक्रम छिल्लर ने गांव बामड़ोली में मंदिर से गांव गढ़ी तक रास्ते के निर्माण कार्य के लिए इंद्रवेश महाराज को 51 हजार रुपये की सहयोग राशि भेंट की। इस अवसर पर शिक्षाविद अनूप सिंह छिल्लर, ओमबीर छिकारा, एडवोकेट राजदीप छिल्लर, एडवोकेट संदीप गुलिया, कृष्ण पहलवान, कर्मवीर छिल्लर, महेश कटारिया, संटी छिल्लर, कश्मीर, दलजीत छिल्लर, मनोज, सतपाल, अमित भगत, देवेंद्र पहलवान, विकास छिल्लर, सुनील जांगड़ा, बलजीत ठोलेदार, राजेंद्र बाका, शमशेर नंबरदार, बिजेंद्र आदि मौजूद रहे।